प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.03.2025
समय : 01:00 पी.एम.
000000

राज्यस्तरीय विकास और सुशासन उत्सव का आयोजन आज भीलवाडा में हो रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समारोह में मौजूद है। मुख्यमंत्री, उत्सव में दस हजार करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। चित्रकूट धाम स्टेडियम में हो रहे इस समारोह में श्री शर्मा विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा निर्देश भी जारी करेंगे। उत्सव में यूडीएच एलएसजी द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी की प्रक्रिया का सरलीकरण, नये जिलों में डीएमएफटी गठन और हरित अरावली विकास परियोजना तथा अन्नपूर्णा भंडार के दिशा निर्देश जारी किये जायेंगे। इसके साथ ही रजिस्ट्री अब सप्ताह में दो दिन हो होने बाबत आदेश, वहीं प्रत्येक जिले की पंच गौरव बुकलेट भी रिलीज किये जायेंगे। मुख्यमंत्री पत्रकारों को हैल्थ कवरेज योजना आरजेएचएस की सौगात देंगे। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत सरकार महिला, किसान, युवा और गरीब कल्याण तथा आमजन के लिए गुड गर्वनेंस का संदेश देते हुए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम कर रही है। इसी कडी में कल कोटा में राज्यस्तरीय रोजगार उत्सव रखा गया हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से विकसित राजस्थान के लिए सकिय भूमिका निभाने का आह्वान किया हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस उल्लास और उमंग के साथ मनाने के बारे में मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश जारी किया। संदेश में श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से प्रकृति और पर्यावरण से जुडकर विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

.....

राजस्थान हाईकोर्ट में अधिवक्ता कोटे से नव नियुक्त चार न्यायाधीशों का आज शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जोधपुर में उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में यह समारोह रखा गया। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव ने नव नियुक्त न्यायाधीशों आनंद शर्मा, सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित और संदीप शाह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। हाईकोर्ट में न्यायाधीश के कुल 50 पद स्वीकृत है। चार नये जज आने से इनकी संख्या अब 38 हो गई है।

सीकर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे इसमें शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार राय ने बताया कि समारोह में 69 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। वहीं 1 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की जायेगी। राज्यपाल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव का भी शुभारंभ करेंगे।

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर आज जैसलमेर दौरे पर है। उन्होंने कलक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान चिकित्सा मंत्री ने जिले में विकास योजनाओं पर भी चर्चा की।

उत्तर पश्चिम रेल्वे के जोधपुर मंडल में आज रेल सेवा पुरस्कार समारोह रखा गया हैं। इसमें डीआरएम, 29 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत करेंगे। रेल्वे सामूदायिक भवन में होने साले इस समारोह में रेलकर्मियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए आज शाम तक सुझाव दिये जा सकते है। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव

मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।